Title : Need to restore operation of flights from Kishangarh airport, Rajasthan under Regional Connectivity Scheme-Laid.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): किशनगढ़ हवाई अड्डे का अक्टूबर - 2018 में संचालन होने पर आर. सी. एस. स्कीम के तहत स्पाइसजेट एयरलाइन्स के द्वारा हैदराबाद, दिल्ली, अहमदाबाद व मुंबई तथा मैसर्स स्टारएयर के द्वारा सूरत एवं इंदौर हेतु नियमित विमानों की सेवा प्रारम्भ हुई । इस प्रकार वर्ष 2018 से 2022 तक कुल 4,30,262 यात्रियों ने विमान का सफर किया है । लेकिन स्पाइसजेट एयरलाइन्स के द्वारा तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए किशनगढ़ हवाई अड्डे से दिनांक 31.08.2022 के बाद सभी शहरो हेतु विमानों का प्रचालन बंद कर दिया है जिससे इतना प्रचलित और राजस्थान का उभरता हुआ हवाई अड्डा आज बंद होने की स्थिति में है । आज किशनगढ़ हवाई अड्डा 72 एवं फ. 400 की श्रेणी के विमानों के 24 घण्टे प्रचालन हेतु पूर्णरूप से सक्षम एयरपोर्ट है एवं हवाई अड्डे के वास्तविक यात्रियों की संख्या को देखे तो यात्रीभार की भी कोई कमी नही है हाल ही में किशनगढ़ हवाई अड्डा पर एलपीवी एप्रोच प्रोसिज़र का सफल ट्रायल भी हो चुका है एवं इस श्रेणी में ऐसा करने वाला भारत दुनिया का 04 देश है ।

अतः मंत्री महोदय से अनुरोध है कि आप व्यतिगत हस्तक्षेप कर किसी भी एयरलाइन्स से (इंडिगो, स्पाइसजेट, एयरइंडिया इत्यादि) भारत सरकार द्वारा जारी आर.सी.एस. स्कीम के तहत किशनगढ हवाई अड्डे से पुनः विमानों का संचालन शुरू करवाया जाये ताकि अजमेर परिक्षेत्र के व्यापारी, विद्यार्थी, पर्यटक, श्रद्धालु आदि विमान में सफर करते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री महोदय द्वारा घोषित "उडान' योजना से आम-आदमी भी लाभान्वित हो सके ।